प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
शाहजहाँपुर।

सेवा में,

जन सूचना अधिकारी,
शाहजहाँपुर।

पत्रांक : 5746 / डब्ल्यू0एस0–17 /4829 दिनांक : 07.09.2026

विषय : <u>अमर उजाला पेपर में प्रकाशिक खबर ''गांव की समस्याओं को लेकर पानी की टंकी पर चढ़े तीन युवक, अफसरों के आश्वासन पर नीचे उतरे'' के सम्बन्ध में।</u>

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अमर उजाला पेपर में दिनांक 02.09.2026 को प्रकाशित शीर्षक **''गांव की समस्याओं को लेकर पानी की टंकी पर चढ़े तीन युवक, अफसरों के आश्वासन पर नीचे उतरे''**, के संबंध में अवगत कराना है कि मुख्य अभियंता, मुरादाबाद एवं जल निगम की टीम द्वारा भुंडी ताहरपुर पाइप पेयजल योजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रीफैब्रिकेटेड गेट मौके पर स्थापित एवं बंद पाया गया।

ग्राम के कुछ दबंग लोग गेट के किनारे से ऊपर टैंक पर चढ़ गए थे। पंप ऑपरेटर द्वारा उन्हें रोकने का प्रयास किया गया, जिस पर उनके द्वारा ऑपरेटर को धमकी दी गई। उनकी मुख्य शिकायतें आवारा पशुओं द्वारा फसल बर्बाद किया जाना, नाली क्षतिग्रस्त होने के कारण सड़क पर पानी भरने से बरसात में कीचड़ की स्थिति उत्पन्न होना, तथा बरसात के समय विद्यालय में पानी भर जाना थीं।

यह भी अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन डालने हेतु जिन सड़कों को क्षतिग्रस्त किया गया था, उनका पुनर्स्थापन कार्य पूर्ण कर दिया गया है। योजना विगत 08 माह से संचालन एवं अनुरक्षण में है तथा वर्तमान में सुचारु रूप से संचालित है।

भविष्य में ऐसी घटनाओं एवं सुरक्षा संबंधी जोखिमों को रोकने हेतु कार्यदायी संस्था मेसर्स एनसीसी को सभी योजनाओं में दोनों ओर की रेलिंग को वायर मेश से कवर करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, भविष्य में निर्मित होने वाली योजनाओं में रेलिंग के अतिरिक्त वायर मेश का भी प्रावधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

संलग्नक : फोटोग्राफ।

भवदीय,

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, शाहजहाँपुर।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, शाहजहाँपुर।

अधिशासी अभियन्ता



# पर चढ़े तीन युवक, अफसरों के आश्वासन पर नीचे उतरे

**सार**

16178 Followers शाहजहाँपुर

खुदागंज के ताहरपुर गांव में बदहाल सड़कों, जलभराव और छुट्टा पशुओं की समस्या से नाराज तीन युवक बुधवार को पानी की टंकी पर चढ़ गए। करीब तीन घंटे बाद खंड विकास अधिकारी के आश्वासन और सड़क पर ईंट डलवाने के बाद वे सुरक्षित नीचे उतरे।




पानी की टंकी पर चढ़े युवक - फोटो : संवाद न्यूज एजेंसी

**विस्तार**

Add as a preferred source on google

शाहजहांपुर के खुदागंज में ताहरपुर गांव की बदहाल सड़कों, विद्यालय परिसर में जलभराव और छुट्टा गोवंशीय पशुओं की समस्या से नाराज गांव के तीन युवक बुधवार सुबह पानी की टंकी पर चढ़ गए। युवकों के टंकी पर चढ़ने की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। करीब तीन घंटे तक युवकों के टंकी पर रहने से ग्रामीणों में चिंता बनी रही। बाद में खंड विकास अधिकारी के आश्वासन और सड़क पर ईंट के टुकड़े डलवाने के बाद तीनों युवक सुरक्षित नीचे उतर आए।

होम > उत्तर प्रदेश > शाहजहाँपुर लखनऊ वाराणसी मेरा शहर
गोरखपुर मेरठ कानपुर More ...

गांव निवासी प्रभाकर सिंह, अनुज सिंह और योगेंद्र सिंह बुधवार सुबह करीब नौ बजे पानी की टंकी पर चढ़ गए। उनका कहना था कि गांव में विकास कार्यों की स्थिति संतोषजनक नहीं है। गांव की कई सड़कें खराब हैं। विद्यालय के पास सड़क की गहराई होने से बारिश में पानी भर जाता है। इसके अलावा गांव में छुट्टा गोवंशीय पशुओं की समस्या भी बनी हुई है।

विज्ञापन

सूचना पर खंड विकास अधिकारी अरविंद दुबे, ग्राम विकास अधिकारी विनोद यादव और उमेश पटेल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने टंकी पर चढ़े युवकों से नीचे उतरने का आग्रह किया और उनकी जायज मांगों को पूरा कराने का आश्वासन दिया। युवकों ने कहा कि जब तक गांव की सड़क और विद्यालय की समस्या दूर कराने के संबंध में ठोस आश्वासन नहीं मिलता, वे नीचे नहीं उतरेंगे।

विज्ञापन


Latitude: 28.171912
Longitude: 79.724824
Elevation: 160.03±6.4 m
Accuracy: 3.0 m
Time: 09-03-2026 11:25
Note: gp - bhundi -khudaganj katra
Powered by NoteCam


Latitude: 28.171233
Longitude: 79.724781
Elevation: 158.53±66.9 m
Accuracy: 3.0 m
Time: 03-09-2026 11:16
Note: gp-bhundi
block-khudaganj katra
Powered by NoteCam


Latitude: 28.171108
Longitude: 79.724699
Elevation: 156.13±68.5 m
Accuracy: 3.0 m
Time: 03-09-2026 11:16
Note: gp-bhundi
block-khudaganj katra
Powered by NoteCam


Latitude: 28.171222
Longitude: 79.724852
Elevation: 158.93±71.5 m
Accuracy: 3.25 m
Time: 03-09-2026 11:18
Note: gp-bhundi
block -khudaganj katra
Powered by NoteCam